भारत सरकार
वस्त्र मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3360
28 मार्च, 2025 को जवाब दिया

मेगा हथकरघा क्लस्टरों के लिए बजटीय आवंटन

3360. श्री येर्रम वेंकट सुब्बा रेड्डी:

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के लिए मेगा हैंडलूम क्लस्टरों के लिए आवंटित बजट का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या वित्तीय वर्ष 2022-23 और 2023-24 के दौरान आंध्र प्रदेश के प्रकाशम और गुंटूर जिलों में पहचाने गए मेगा हथकरघा क्लस्टरों को कोई वित्तीय सहायता प्रदान की गई है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वस्त्र राज्य मंत्री
(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क): भारत सरकार विकास आयुक्त (हथकरघा) कार्यालय, वस्त्र मंत्रालय के माध्यम से पूरे देश में (आंध्र प्रदेश राज्य सहित) मेगा क्लस्टर विकास कार्यक्रम, जोकि राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) का एक घटक है, का कार्यान्वयन कर रही है। मेगा क्लस्टर विकास कार्यक्रम के अंतर्गत, उन्नत करघे और सहायक उपकरण, सोलर लाइटिंग यूनिट्स, वर्कशेड, डिजाइन और उत्पाद विकास, मार्केटिंग सहायता, वेल्यू एडिशन सेंटर (मूल्य संवर्धन केंद्र) (गारमेंटिंग/परिधान यूनिट), रीलिंग, प्रोसेसिंग, प्रिंटिंग यूनिट्स आदि सामान्य अवसंरचना की स्थापना जैसे विभिन्न इंटरवेंशन्स के लिए पूर्ण प्रस्ताव प्राप्त होने पर प्रति मेगा हैंडलूम क्लस्टर 30.00 करोड़ रुपये (भारत सरकार का हिस्सा) तक की आवश्यकता आधारित वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

मेगा क्लस्टर विकास कार्यक्रम के लिए अलग से कोई बजट आवंटन नहीं है, हालांकि वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2024-25 के दौरान मेगा हैंडलूम क्लस्टर की स्थापना के लिए 3,029.327 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

(ख) और (ग): वित्तीय वर्ष 2022-23 और 2023-24 के दौरान आंध्र प्रदेश राज्य के प्रकाशम और गुंटूर जिलों में आईडेंटिफाईड (पहचाने गए) मेगा हैंडलूम क्लस्टर को कोई वित्तीय सहायता प्रदान नहीं की गई है।

******